दिनांक 06.12.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/स्वच्छता सर्वेक्षण 2019 में 7 स्टार रैंक प्राप्त करने के लिए नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस0के0 सुंदरानी द्वारा अलग–अलग क्षेत्रों में टीम गठित कर भारत सरकार द्वारा निर्धारित रैंकिग पैरामीटर पर कार्य कर रही है। निगम सभागार में निगम क्षेत्र के सभी स्कूलों के प्राचार्य एवं प्रधानपाठकों को स्वच्छता रैंकिग के लिए एप डाउनलोड तथा स्वच्छता से संबंधित अन्य जानकारी के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें उपायुक्त अशोक द्विवेदी, शिक्षा विभाग के वाय0के0 राव एवं स्वास्थ्य विभाग के जावेद अली ने कार्यशाला में जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा देश के चार हजार शहरों में स्वच्छता रैंकिग लागु किया गया है। जिसमें भिलाई शहर भी प्रतिभागी है। भिलाई शहर को देश में प्रथम स्थान दिलवाने की जिम्मेदारी निगम के साथ–साथ शहर के नागरिकों की भी है। इस हेतु शासन द्वारा अलग–अलग कार्य के लिए अंक निर्धारित किये गये हैं। स्वच्छता एप नागरिकों के मोबाईल पर डाउनलोड करवाकर आसपास की गंदगी का फोटो खिंचकर शिकायत करने पर भी अंक देय है। निगम भिलाई को 80 हजार एप डाउनलोड करवाये जाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसके लिए आवश्यक है कि निगम क्षेत्र के सभी स्कुलों में इसका पर्याप्त प्रचार–प्रसार हो और लोग जागरुक होकर एप डाउनलोड स्वयं करें तथा दुसरों को भी स्वच्छता एप से जोड़े। कार्यशाला में लोगों को ई–लर्निंग कोर्स की भी जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई।

जन सम्पर्क अधिकारी